दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 09 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 281

महत्वपूर्ण एवं खास

गाजियाबाद में गार्ड को बंधक बनाकर फैक्ट्री से लाखों की लूट

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में बदमाशों ने गार्ड को बंधक बनाकर बीती रात लाखों रुपए का माल लूट लिया। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। शुरुआती सूचना के मुताबिक, लगभग 50 लाख रुपये के माल लूट की सूचना मिली थी, लेकिन पुलिस ने बताया कि आठ से 10 लाख रुपये का माल ही चोरी हुआ है। बदमाश गार्ड को बंधक बनाकर तांबा और पीतल लूट ले गए हैं। गार्ड ने बताया कि फैक्ट्री से तांबा और पीतल लूटा गया है। बदमाशों ने उसके हाथ और पैर बांधकर जमीन पर गिरा दिया और उसके बाद कंपनी में रखा गया तांबा और पीतल लेकर फरार हो गए। गार्ड के मुताबिक तीन लुटेरे थे। पुलिस के आला अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। गार्ड से भी पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि लुटेरों की संख्या तीन से ज्यादा हो सकती है।

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना नहीं हुआ जत्था

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में हो रही भारी बारिश के कारण भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के नए जत्थे को अनुमति नहीं दी गई। अधिकारी ने यह जानकारी दी हैं। उन्होंने बताया कि इस बीच, बारिश के कारण हुए भूस्खलन होने से रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया हैं। अधिकारी ने बताया, भारी बारिश और कश्मीर घाटी में मौसम की खराब स्थिति के कारण शनिवार सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से पवित्र गुफा के लिए कोई जत्था रवाना नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण श्रीनगर से बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए यात्रा पहले ही शुक्रवार को निलंबित कर दी गई थी और बालटाल तथा पहलगाम आधार शिविरों में तीर्थयात्रियों की भीड़ को रोकने के लिए आज सुबह जम्मू से कोई भी जत्था रवाना नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज सुबह भारी बारिश के कारण रामबन में भूस्खलन भी हुआ, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा है। रामबन की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने ट्वीट किया, एनएच 44 पर विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के साथ-साथ भूस्खलन, और पत्थर गिरने की घटना हुई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को अगली मिलने तक बंद कर दिया गया है। यात्री टीयूसी से मंजूरी मिलने पर यात्रा की योजना बनाये।

3 नाबालिगों ने मिलकर दिया हत्या की वारदात को अंजाम, चाकू मारकर 16 साल के लडक़े को उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के बवाना इलाके में झगड़े के बाद तीन नाबालिगों ने 16 साल के एक लडक़े की चाकू मारकर हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे बवाना अस्पताल से एक डेड बॉडी लाये जाने की सूचना मिली। पुलिस अधिकारी ने कहा, एक पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचा जहां पता चला कि बवाना में जेजे क्लस्टर के निवासी एक नाबालिग को उसके रिश्तेदार ने भर्ती कराया है। बॉडी पर दो चोटें पीठ और पेट पर जख्म पाया गया। घटना बवाना के झंडा चौक इलाके की है।

भारतीय तटरक्षक के बेड़े में शामिल होंगे 2 आधुनिक डोर्नियर विमान

एचएएल से हुआ 458.87 करोड़ रुपए में सौदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्रालय ने 7 जुलाई को डोर्नियर विमानों की खरीद के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध किया है। एसोसिएटेड इंजीनियरिंग सपोर्ट पैकेज के साथ भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए डोर्नियर विमानों की यह खरीद की जा रही है। नई दिल्ली में किए गए इस अनुबंध के मुताबिक इन 2 विमानों की खरीद पर 458.87 करोड़ रूपए की कुल लागत आएगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह विमान कई उन्नत उपकरण जैसे ग्लास कॉकपिट, समुद्री गश्ती रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक इंफ्रा-रेड डिवाइस, मिशन प्रबंधन प्रणाली आदि से सुसज्जित होंगे। इसके जुडऩे से आईसीजी की जिम्मेदारियों के तहत आने वाले समुद्री क्षेत्रों की हवाई निगरानी क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डोर्नियर विमानों का कानपुर के एचएएल (परिवहन विमान प्रभाग) में स्वदेशी रूप से विनिर्माण किया जाता है और इससे सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप रक्षा में आत्मनिर्भरता अर्जित करने में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले इसी साल 10 मार्च को भारतीय वायु सेना के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद का निर्णय भी लिया जा चुका है। भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे इन विमानों की लागत लगभग 667 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने 10 मार्च को 667 करोड़ रुपये की लागत वाले इस रक्षा सौदे को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता किया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार डोर्नियर-228 विमानों की खरीद भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे विमानों का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट और संचार संबंधित सैन्य कार्य के लिए किया जाता रहा है। इसके साथ ही इन विमानों का उपयोग भारतीय वायुसेना के परिवहन पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भी किया गया है।

छह विमानों की वर्तमान खेप एक उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी। यह विमान उत्तर पूर्व के अर्ध-तैयार, लघु रनवे और भारत की द्वीप श्रृंखलाओं से छोटी दूरी के संचालन के लिए आदर्श रूप से अनुकूल है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इन छह विमानों के शामिल होने से दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा।

16,000 फीट की ऊंचाई पर गूंजी टैंकों की दहाड़, आर्मी ने पूर्वी लद्दाख की घाटी पर किया युद्धाभ्यास

लेह (आरएनएस)। भारतीय सेना ने सिंधु नदी को पार करने और दुश्मन के ठिकानों पर हमले करने के लिए पूर्वी लद्दाख में अभ्यास किया। सेना के टी-90 और टी-72 टैंकों ने अपना दम दिखाया। सेना के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभ्यास आकस्मिक परिस्थितियों की तैयारी के लिए किए जाते हैं। भारतीय सेना दुनिया की उन चुनिंदा सेनाओं में से एक है जो 16,000 फीट तक की ऊंचाई पर और बड़ी संख्या में टैंकों का संचालन करती है।

जब चीनी सेना ने अपने प्रशिक्षण अभ्यास सैनिकों को हटाकर पूर्वी लद्दाख सेक्टर में आक्रामकता दिखाना शुरू किया, तो भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख सेक्टर में बड़ी संख्या में टैंक और बख्तरबंद लड़ाकू वाहन लेकर आई। पहले भारतीय सेना पाकिस्तान के मोर्चे पर पंजाब सेक्टर में बड़े पैमाने पर इस तरह के अभ्यास करती थी क्योंकि ऐसा माना जाता था कि केवल मैदानी और रेगिस्तानी इलाकों में ही टैंक युद्ध होंगे लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

टैंकों के साथ ब्रिगेड और अन्य संरचनाओं को 2013-14 में पूर्वी लद्दाख में बल में शामिल किया जाना शुरू हुआ। लेकिन 2020 में जब गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष की घटना हुई तो इनकी संख्या कई गुना बढ़ गई।

जेवर एयरपोर्ट : 14 गांव की जमीन का होने जा रहा अधिग्रहण, 15,000 करोड़ रुपए होंगे खर्च

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम काफी तेजी से चल रहा है। लगभग आधा काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 2024 में पहले रनवे से विमान उड़ान भरेगा। इसके साथ दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की भी तैयारी शुरू हो गई है। अब तीसरे-चौथे चरण के लिए जमीनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है।

जेवर के 14 गांव में करीब 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 3 रनवे बनेंगे। इस प्रक्रिया में गांव वालों को मुआवजा देने और जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 15 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

यमुना प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक, जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम 4 चरणों में किया जाना था। जिनमें से पहले चरण में 1334 हेक्टेयर और दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हुआ। अब, तीसरे और चौथे चरण के लिए एक साथ 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

खास बात है कि सोशल इंपैक्ट असेसमेंट (एएसआई) के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके जरिए यह पता लगाया जाएगा कि इससे कितने किसान प्रभावित होंगे, उनसे कितनी भूमि अर्जित की जाएगी, उनके पुनर्वास और मुआवजे का क्या आकलन होगा। इसके लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का चयन किया गया है। इससे पहले दो चरणों के लिए एएसआई जीबीयू ने किया था।

इस काम को 30 अगस्त तक पूरा करना होगा। जानकारी के मुताबिक 14 गांव की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। इसमें 1888 हेक्टेयर जमीन किसानों की है और करीब 165 हेक्टेयर जमीन सरकारी है।

पीएम मोदी की तेलंगाना को 6100 करोड़ रुपए की सौगात

हनमकोंडा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना में लगभग 6,100 करोड़ रुपये की कई बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के लोगों को काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने 5,550 करोड़. रुपये से अधिक की 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड शामिल है। यह खंड मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी को लगभग 34 किमी कम कर देगा, जिससे यात्रा का समय कम हो जाएगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और 65 पर यातायात भी कम हो जाएगा।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 563 के 68 किलोमीटर लंबे करीमनगर-वारंगल खंड को मौजूदा दो लेन से चार लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखी। इससे हैदराबाद-वारंगल औद्योगिक गलियारे, काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क और वारंगल में एसईजेड से कनेक्टिविटी में सुधार करने में मदद मिलेगी।

पीएम मोदी ने वारंगल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, तेलंगाना सरकार ने केंद्र सरकार को हमेशा गाली दी है। ये जनता को धोखा देते हैं। यष्टक्र मतलब सबसे भ्रष्ट सरकार। अब तो दिल्ली तक इनके भ्रष्टाचार के तार फैल गए हैं।

प्रधानमंत्री ने काजीपेट में रेलवे विनिर्माण इकाई की आधारशिला भी रखी। पांच सौ करोड़ रुपये की लागत वाली इस आधुनिक विनिर्माण इकाई से रोलिंग स्टॉक विनिर्माण क्षमता में वृद्धि होगी। यह नवीनतम प्रौद्योगिकी मानकों और सुविधाओं जैसे वैगनों की रोबोटिक पेंटिंग, अत्याधुनिक मशीनरी और आधुनिक सामग्री भंडारण और हैंडलिंग के साथ संयंत्र से सुसज्जित होगी। यह इकाई स्थानीय रोजगार सृजन और आसपास के क्षेत्रों में सहायक इकाइयों के विकास में मदद करेगी।

इस अवसर पर तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सौंदर्यराजन, केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी उपस्थित थे।

बंगाल पंचायत चुनाव में सारा दिन चला हिंसा का दौर, 14 की मौत

- राज्यभर में बूथ लूटे, बैलेट पेपर फाड़े गए

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के दौरान शनिवार को हुई हिंसा में राज्य के विभिन्न हिस्सों में 14 लोगों की मौत हो गई। हिंसक घटनाओं में एक उम्मीदवार सहित तृणमूल कांग्रेस के सात कार्यकर्ता मारे गए?जबकि भाजपा और माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दो-दो तथा कांग्रेस का एक कार्यकर्ता मारा गया। उत्तर और दक्षिण 24 परगना के अलावा मुर्शिदाबाद, मालदा तथा कूच बिहार जिले भी जमकर हिंसा हुई। हिंसक झड़पों में बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने के अलावा, कम से कम दो मतदान केंद्रों पर मतपेटियां नष्ट कर दी गईं। केंद्रीय बलों की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें हैं। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट

पेपर फाडऩे, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया। साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। ये कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडिया वालों की तरफ भी फेंके गए!?

पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर शनिवार को मतदान हुआ, बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। चुनाव नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार स्थित दिनहाटा में इंद्रेश्वर प्राइमरी स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र में अचानक ही मतदान रोकने की नौबत आ गई। यहां उपद्रवियों ने एक बैलट बॉक्स पर ही पानी फेंक दिया। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने एहतियातन मतदान रुकवाया। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान कूच बिहार ज़िले में दिनहाटा के बारानाचिना में एक मतदान केंद्र पर कथित तौर पर फर्जी मतदान से नाराज मतदाताओं ने मतपेटी में आग लगा दी। दक्षिण 24 परगना में गेंद समझकर खेलते समय बम फटने से दो बच्चे घायल हो गए!?काशीपुर थाने इलाके में यह घटना घटी।?दोनों घायल बच्चों को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।?कल इस इलाके में आईएसएफ और तृणमूल के बीच गोलाबारी हुई थी. दावा किया गया कि इलाके में कुछ बम गिरे थे। उस बम को गेंद बनाकर खेलने के दौरान भाई-बहन घायल हो गए।

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में पंचायत मतदान के दौरान मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदान प्रक्रिया वाले कई क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। राज्यपाल ने पूछा, लोकतंत्र के रक्षकों की रक्षा कौन करेगा। चुनाव आयोग कहीं नजर नहीं आता, फिर भी चुनाव आयुक्त चुप्पी साधे हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बताया गया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से हत्याओं और हिंसा की खबरें आ रही हैं।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शार्प शूटर गिरफ्तार, व्यापारी से मांगी थी 20 लाख रुपए की रंगदारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कृष्णा नगर निवासी उदित साध, नांगलोई निवासी अनीश कुमार उर्फ मिंटू और निहाल विहार निवासी मोहित गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 23 जून 2023 को लाजपत राय मार्केट स्थित एक व्यापारी को रंगदारी के लिए फोन आया था। आरोपी ने प्रोटेक्शन मनी के तौर पर 20 लाख रुपये की मांग करते हुए लॉरेंस बिश्नोई की ओर से उसे धमकी दी थी।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने कहा कि 3 जुलाई को, जानकारी मिली कि जबरन वसूली मामले में शामिल आरोपी जापानी पार्क, रोहिणी के गेट नंबर 3 के पास मिलेंगे। पुलिस ने जाल बिछाया और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो सिंगल-शॉट पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस मिले। उदित थोक बाजार में कपड़े बेचता था और पहले पुरानी दिल्ली के लाजपत राय मार्केट में एक दुकान भी चलाता था। वह इलाके के कई थोक विक्रेताओं से परिचित था और अक्सर उनसे मिलने जाता था। नजदीकियां होने के कारण उनके पास उसका मोबाइल नंबर भी था। अधिकारी ने कहा कि उदित ने जल्दी पैसा कमाने के लिए लोगों को धोखा देना शुरू कर दिया था और साल 2015 में पहली बार जेल भी गया।

बिहार के पूर्णिया में एके-47 के साथ बाहुबली नेता गिरफ्तार

पूर्णिया (आरएनएस)। पुलिस ने बिहार के इस जिले में एक बाहुबली नेता को एक एके-47 राइफल तथा अन्य हथियारों और कई राउंड कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजनेता की पहचान अनिकेत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के रूप में हुई है, जो हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। वह उसी अपराध के लिए कारावास की सजा काट रहा था।

पूर्णिया सदर के एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया, शुक्रवार को प्रभात कॉलोनी स्थित अनिकेत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के आवास पर छापेमारी की गयी। तलाशी के दौरान एक एके-47 राइफल और इसके 10 जिंदा कारतूस, दो पिस्तौल, एक राइफल और 14 अन्य कारतूस तथा अन्य हथियार बरामद किए गए जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में यहां के हाट थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बिट्टू सिंह के अलावा उसके ड्राइवर और बॉडीगार्ड को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस स्टेशन ले जाए जाने के दौरान सिंह ने मीडिया को बताया कि वह सो रहा था जब बड़ी संख्या में पुलिस बल उनके आवास पर पहुंचा और घर के पिछवाड़े में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जमा करने का आरोप लगाया। उसने कहा, मैंने उनसे वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने को कहा। लेकिन उन्होंने नहीं सुनी और मुझे पुलिस स्टेशन ले जा रहे हैं। हालांकि, एफआईआर में पुलिस ने बताया कि बरामदगी घर के लिविंग रूम से की गई थी।

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बिट्टू सिंह की पत्नी ने दावा किया कि उनके पति को उनके विरोधियों द्वारा फंसाया जा रहा है क्योंकि यह चुनाव का समय है। उन्होंने दावा किया, जब वह हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आया है, जहां वह हथियार अधिनियम में कारावास की सजा काट रहा था, तो वह घर के अंदर हथियार रखने और मुसीबत निमंत्रण देने वाला मूर्ख नहीं है।

13 जनवरी 2025 को होगा महाकुंभ का पहला शाही स्नान

- संगम की रेती पर 45 दिन का होगा महाकुंभ-2025
- अखाड़ों के साथ अफसरों ने की पहली बैठक, तीन शाही स्नान पर्वों की तिथि घोषित

प्रयागराज (आरएनएस)। 2025 में होने वाले महाकुंभ को लेकर तैयारियां तेज हो रही हैं। 13 अखाड़ों के साथ अफसरों की पहली बैठक मंडलायुक्त कार्यालय में शनिवार को हुई। इसमें मुख्य स्नान पर्वों के साथ शाही स्नान पर्वों की तिथि पर सहमति बन गई। संगम की रेती पर महाकुंभ का मेला 45 दिन

तक रहेगा। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने संगम आएंगे।

इसमें महाकुंभ का पहला स्नान पर्व 13 जनवरी 2025 सोमवार यानी पौष पूर्णिमा के दिन होगा, इसी दिन से महाकुंभ की शुरूआत हो जाएगी। दूसरा शाही स्नान होगा जो 14 जनवरी 2025 को मकरसंक्रांति के दिन होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन भी शाही स्नान होगा। 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व पर भी शाही स्नान होगा। इसी तरह 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का आखिरी मुख्य स्नान पर्व के साथ महाकुंभ- 2025 का समापन होगा।

महाकुंभ-2025 के मेलाधिकारी विजय किरण आनंद की ओर से जो रूपरेखा तैयार की गई है उन्होंने अखाड़ों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रत्येक बिंदुओं पर उन्होंने जोर दिया और संतों की सहमति दी। पहली बैठक बिल्कुल शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। इसमें अफसरों और साधु-संतों के बीच समन्वय का माहौल रहा।

अखाड़े के पदाधिकारियों ने सुझाव दिए हैं कि यहां धार्मिक स्थलों का विशेष सुंदरीकरण किया जाए। निर्मोही अखाड़ा अयोध्या के महंत धर्मदास ने सुझाव दिया कि ऐसे मंदिरों को भी संवारा जाए जो पिछले कुंभ में छूट गए थे। मेलाधिकारी ने प्रत्येक संतों की समस्याओं को सुना और उन्होंने संतों का आशीर्वाद मांगा।

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि महाकुंभ-2025 के लिए ढाई हजार करोड़ के बजट पर स्वीकृति मिली है। शासन की मंशा है कि जल्द से जल्द शहर के विकास कार्यों को पूरा कराया जाए। इसमें सडक़, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सफाई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस किया जा रहा है। शहर में 387 पार्कों में ग्रीन स्पेस यानी सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया जा रहा है। इसी तरह स्मार्ट सिटी योजना के तहत 230 पार्कों में ओपन एयर जिम स्थापित किए जाने का कार्य पूरा हो चुका है और अभी 100 पार्कों में ओपन जिम खोलन की तैयारी चल रही है। मंडलायुक्त ने संतों का आह्वान किया कि वह अपना आशीर्वाद बनाए रखें और हम अधिकारियों को सही सुझाव भी देते रहें।